आपकी खबरों का संसार...

RNI No.-RJHIN/2015/63826

# अतुल्य संसार

संस्करणः जयपुर

हिन्दी समाचार पत्र...

web: www.atulyasansar.com

Digital Edition


www.liveworldnews.in

वर्षः 10 | अंकः 331 | जयपुर, गुरुवार 11 जून, 2026 | मूल्यः 2 रुपए | पृष्ठः 4





जिले में स्टॉप डायरिया... पेज 2


आरटीयू परिसर में... पेज 3


# जयपुर अग्निकांड में बड़ी कार्रवाई: कमिश्नर ने एसएचओ सहित 9 पुलिसकर्मियों को किया सस्पेंड

**जयपुर के खो नागोरियान थाना इलाके में अवैध रूप से संचालित पटाखा फैक्ट्री में हुए भीषण अग्निकांड के बाद जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने कड़ा रुख अपनाया है। लापरवाही के दोषी पाए जाने पर खो नागोरियान थानाधिकारी सहित नौ पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड (निलंबित) कर दिया गया है।**

**जयपुर।** राजधानी जयपुर के खो नागोरियान थाना इलाके में अवैध रूप से संचालित पटाखा फैक्ट्री में हुए भीषण अग्निकांड के बाद पुलिस प्रशासन ने सख्त कदम उठाया है। मामले में प्रारंभिक जांच के दौरान ही बीट और थाना स्तर पर गंभीर लापरवाही सामने आने पर जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने कड़ा रुख अपनाया है। लापरवाही के दोषी पाए जाने पर खो नागोरियान थानाधिकारी (स्।व्ह) सहित नौ पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड (निलंबित) कर दिया गया है। बता दें कि खोह नागोरियान में मंगलवार को अवैध पटाखा फैक्ट्री में हुए अग्निकांड में 8 लोगों की मौत हो गई थी।

### थानाधिकारी सहित इन पुलिसकर्मियों पर गिरी गाज

कमिश्नर सचिन मित्तल ने बताया कि अंतरिम जांच रिपोर्ट में लापरवाही उजागर होने के बाद थानाधिकारी ओमप्रकाश मातवा, हेड कांस्टेबल अशोक, कांस्टेबल रामावतार, कांस्टेबल दिनेश, कांस्टेबल आसिफ, कांस्टेबल हरेन्द्र और कांस्टेबल अशोक को निलंबित कर दिया गया है। इससे पहले, घटना के तुरंत बाद ही पुलिस उपायुक्त पूर्व रंजीता शर्मा ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एएसआई अमर सिंह और हेड कांस्टेबल पप्पू राम को सस्पेंड कर दिया था। इस प्रकार कुल नौ पुलिसकर्मियों पर निलंबन की गाज गिरी है।



### कमिश्नर का कड़ा आदेशः बीट अधिकारी करेंगे डोर-टू-डोर सर्वे

हादसे के बाद पुलिस कमिश्नर ने जयपुर शहर के सभी जिला पुलिस उपायुक्तों और थानाधिकारियों को अपने-अपने इलाकों में विशेष सर्वे और निरीक्षण अभियान चलाने के कड़े निर्देश जारी किए हैं। **अवैध गोदामों पर शिकंजा:** शहर में कहीं भी अवैध रूप से संचालित कारखानों, गोदामों, पटाखा भंडारण स्थलों और जोखिमपूर्ण गतिविधियों को तुरंत चिन्हित कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**डोर-टू-डोर चेकिंग:** थाना स्तर पर बीट अधिकारियों और पुलिसकर्मियों को अपने-अपने क्षेत्रों में डोर-टू-डोर (घर-घर) सर्वे करना होगा, ताकि रिहायशी इलाकों में छिपे अवैध विस्फोटक सामग्री और पटाखों के गोदामों का पर्दाफाश किया जा सके।

### एडिशनल कमिश्नर (क्राइम) को सौंपी जांच

खो नागोरियान अग्निकांड की जांच पुलिस कमिश्नर ने अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) अजय सिंह को पूरी कमान सौंपी है। उनके निर्देशन में एक विशेष जांच समिति का गठन किया गया है। यह समिति हादसे के सभी पहलुओं, इलाके के पुलिस अधिकारियों की भूमिका और सुरक्षा मानकों की पालना में हुई चूक की विस्तृत जांच कर अपनी रिपोर्ट पेश करेगी। कमिश्नर ने साफ किया कि इस रिपोर्ट के आधार पर जो भी अन्य अधिकारी या व्यक्ति दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कानूनी व प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

राजस्थान हाईकोर्ट से रीको को बड़ी राहत...

## 1700 बीघा भूमि पर विकसित होंगे नए औद्योगिक क्षेत्र

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट की जोधपुर खंडपीठ से राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम (रीको) को एक महत्वपूर्ण कानूनी जीत मिली है। न्यायालय ने जोधपुर के बोरानाडा औद्योगिक क्षेत्र के लिए किए गए भूमि अधिग्रहण को वैध ठहराते हुए राज्य सरकार और रीको की विशेष अपीलों को स्वीकार कर लिया है। इस फैसले के बाद जोधपुर के बोरानाडा क्षेत्र में औद्योगिक विस्तार का मार्ग पूरी तरह प्रशस्त हो गया है, जिससे निवेश, उद्योग और रोजगार के नए अवसर सृजित होने की उम्मीद है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा और न्यायाधीश चंद्रशेखर शर्मा की खंडपीठ ने 8 सितंबर 2017 को एकल पीठ द्वारा दिए गए उस निर्णय को निरस्त कर दिया, जिसमें 33 याचिकाओं को स्वीकार करते हुए भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया को रद्द कर दिया गया था। खंडपीठ ने अपने फैसले में स्पष्ट किया कि भूमि अधिग्रहण अधिकारी द्वारा भूमि स्वामियों की आपत्तियों पर विधिसम्मत विचार किया गया था और उन्हें सुनवाई का पर्याप्त अवसर भी प्रदान किया गया था। न्यायालय ने यह भी माना कि एकल पीठ ने तकनीकी आधारों पर अत्यधिक हस्तक्षेप किया था, जबकि भूमि अधिग्रहण जैसे मामलों में न्यायिक समीक्षा का दायरा केवल निर्णय लेने की प्रक्रिया तक सीमित रहता है। इस महत्वपूर्ण फैसले से लंबे समय से लंबित औद्योगिक विकास योजनाओं को नई गति मिलने जा रही है।




### वर्तमान में लगभग 1500 औद्योगिक इकाइयां संचालित

हाईकोर्ट के निर्णय के बाद अब रीको पूर्व में अधिग्रहित की गई उस 1700 बीघा भूमि पर विकास कार्य आगे बढ़ा सकेगा, जो यथास्थिति आदेश के कारण अब तक उपयोग में नहीं लाई जा सकी थी। यह भूमि बोरानाडा के विकसित औद्योगिक क्षेत्रों के निकट स्थित है, जहां पहले से ही बोरानाडा औद्योगिक क्षेत्र, एग्रो फूड पार्क, ईपीआईपी तथा अन्य औद्योगिक परिसर स्थापित हैं। इन क्षेत्रों में वर्तमान में लगभग 1500 औद्योगिक इकाइयां संचालित हो रही हैं।

### नए औद्योगिक क्षेत्र विकसित

रीको ने हाल ही में इसी क्षेत्र में मेडिकल डिवाइस पार्क, हैंडीक्राफ्ट एवं फर्नीचर पार्क तथा सामान्य श्रेणी की औद्योगिक इकाइयों के लिए नए औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए हैं। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी 'राइजिंग राजस्थान' पहल के तहत इन परियोजनाओं को निवेशकों का उत्साहजनक समर्थन मिला है। अब शेष 1700 बीघा भूमि पर भी नए उद्योग स्थापित होने से हजारों युवाओं को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार मिलने की संभावना है। रीको ने संकेत दिए हैं कि भूमि पर आधारभूत विकास कार्य शीघ्र शुरू किए जाएंगे तथा औद्योगिक भूखंडों के आवंटन की प्रक्रिया को भी तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा। विशेषज्ञों का मानना है कि यह फैसला जोधपुर क्षेत्र को पश्चिमी राजस्थान का प्रमुख औद्योगिक केंद्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## मेरे लिए जनता-जनार्दन ही ईश्वर और सेवा कार्य ही साधना का रूप : पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के नेताओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज का दिन आप सभी ने मेरे लिए बहुत यादगार बना दिया। मैं अभिभूत हूं, कृतज्ञ हूं। उन्होंने कहा कि चरैवेति-चरैवेति के मंत्र का जाप करते हुए, इस राजनीतिक यात्रा में अनेक उतार-चढ़ाव देखते हुए, एक दिन यह पड़ाव भी आएगा, यह मैंने कभी सोचा नहीं था। निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में निरंतर सबसे लंबी अवधि तक सेवा करने का अवसर मिलना, इसे मैं अपना परम सौभाग्य मानता हूं। आपने इस अवसर पर मुझे सम्मानित किया, इतना मान दिया, इसके लिए मैं आप सभी का हृदय से बहुत-बहुत आभारी हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इतने लंबे समय तक मां भारती की सेवा का सौभाग्य मिलना, यह ईश्वर की विशेष कृपा से ही संभव हो सकता है। मेरे लिए तो जनता-जनार्दन ही ईश्वर का रूप है। इसलिए मैंने सेवा कार्य को एक साधना के रूप में देखा है। यह साधना भी एकाकी नहीं रही, यह एक सामूहिक



यज्ञ है, जिसमें आप सभी साथियों ने अपना योगदान दिया है। मैं आज इस यात्रा के सभी साथियों के प्रति आभार प्रकट करता हूं। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर एनडीए परिवार के सदस्यों ने एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया है। मैं इसे अपनी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि आपकी उदारता और हमारे सामूहिक प्रयासों का प्रमाण मानता हूं। हर दृष्टि से, यह उपलब्धि हम सभी की है, यह एनडीए के प्रत्येक सदस्य की समान रूप से उपलब्धि है। इसलिए, मैं इस प्रस्ताव को एनडीए के सभी सदस्यों को समर्पित करता हूं। उन्होंने कहा कि 2014 में जब एनडीए विजयी हुआ, तब मैंने कहा था कि इससे हमारे देश की जनता में नई उम्मीद जगी है। इस उम्मीद की रक्षा करना हम सभी की बड़ी जिम्मेदारी बन गई। कांग्रेस से धोखा खाने के बाद जनता ने हम पर भरोसा जताया। मुझे गर्व और संतोष है कि एनडीए परिवार के सदस्य के रूप में हमने राष्ट्र के भरोसे को मजबूत करने और उसे कायम रखने के लिए निरंतर प्रयास किए हैं। 2014 में जब एनडीए की जीत हुई थी, तब मैंने कहा था कि आज देश के सामान्य मानवी में एक आशा का उदय हुआ है। इस आशा का, इस उम्मीद का संरक्षण हम सभी का दायित्व था। देश के लोगों ने कांग्रेस के विश्वासघात के बाद अपना भरोसा हमें सौंपा था। आज मुझे संतोष है, गर्व है कि एनडीए परिवार के तौर पर हमने देश के विश्वास को हमेशा और मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि विकास तो दूर की बात है, देश को कांग्रेस ने एक के बाद एक हजारों करोड़ों रुपए के घोटालों में घसीट दिया। देश का भाग्य फिर तब बदला जब 2014 में एनडीए की सरकार बनी। देश ने देखा कि जब नीयत, नीति और निर्णय तीनों एक साथ काम करते हैं तो विकास की गति कैसी होती है।

## राजस्थान के हालात बदहाल,ब्यूरोक्रेसी के इशारे पर चल रहा है शासन : हनुमान बेनीवाल

**जयपुर।** बुधवार को जयपुर में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल मीडिया से रूबरू हुए और कई मुद्दों पर अपनी बात रखी, उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह पर हमला बोलते हुए कहा कि राज्य की स्वास्थ्य सेवाएं वेंटिलेटर पर है, उन्होंने कोटा के बाद बीकानेर में प्रसूताओं की किडनी फेल हो जाने के मामले को उठाते हुए कहा कि सरकार स्वास्थ्य महकमे में भारी भ्रष्टाचार है और महकमे के मंत्री को विभाग की कोई जानकारी नहीं है 7 उन्होंने कहा कि आधा दर्जन मंत्रियों पर गंभीर आरोप लगे है, एसआई पेपर लीक प्रकरण में एसओजी की पूछताछ में मंत्री केके बिश्नोई का नाम आया,जलदाय विभाग के मंत्री कन्हैयालाल चौधरी खुद भ्रष्ट अफसरों का संरक्षण कर रहे है और खुद के रिश्तेदारों के नाम से करोड़ों के टेंडर ले रखे है, जोगाराम पटेल ने खुद के पुत्र को महाधिवक्ता बना दिया और गृह राज्य मंत्री बेढम के दामाद सीबीआई से भागते हुए फिर रहे है,सांसद ने कहा कि खुद को मुख्यमंत्री का साला बताने वाला प्रमोद शर्मा गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज होने व हाईकोर्ट से राहत नहीं मिलने के बावजूद पुलिस गिरफ्त से दूर है, मुख्यमंत्री को मीडिया के सामने प्रमोद शर्मा को लेकर वक्तव्य देना चाहिए कि वो उनके साले है या नहीं , सांसद ने कहा कि राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी हर मुद्दे पर सरकार से लड़ रही है,उन्होंने कहा आगामी दिनों के भरतपुर के भरतपुर,धौलपुर व डीग जिले के जाट समाज को केंद्र में ओबीसी का आरक्षण दिलवाने की मांग को लेकर बड़ी रैली की जाएगी। सांसद ने कहा कि मानेसर के वक्त भारी भ्रष्टाचार हुआ और उस वक्त आरएलपी के तीनों विधायक भाजपा के साथ थे,उन्होंने कहा पायलट कोई आंदोलन करना नहीं चाहते और बिना आंदोलन के सत्ता के शिखर पर बैठना चाहते है मगर उन्हें यह समझना चाहिए कि जनता के लिए लड़े बिना उन्हें कोई नेता नहीं मानेगा ।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान का खनिज क्षेत्र में नवाचार



**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में क्रिटिकल मिनरल के एक्सप्लोरेशन और अध्ययन को नई गति प्रदान की जा रही है। हाल ही में प्रदेश में पिंक मार्बल और हरे मार्बल के मलबों के ढेर (अपशिष्ट) के अध्ययन में निकेल, कोबाल्ट, क्रोमियम और गैलियम जैसे क्रिटिकल मिनरल्स की गुणवत्तापूर्ण मात्रा के सकारात्मक संकेत मिले हैं। इन मिनरल्स से रक्षा, ग्रीन एनर्जी, एयरोस्पेस और एयरोनॉटिकल उद्योगों की आवश्यकता की पूर्ति हो सकेगी, जिससे देश की ऊर्जा सुरक्षा के साथ-साथ सामरिक और आर्थिक सुरक्षा मजबूत होगी। मुख्यमंत्री की पहल पर खान विभाग के आरएसएमईटी और आईआईटी धनबाद के बीच राजस्थान के खनिज डम्प्स के संबंध में एक समझौता संपन्न हुआ है। इस समझौते के अनुरूप प्रदेश में खनिजों के विशाल ढेरों (ह्यूज डम्प्स ऑफ मिनरल्स), जिनका कोई उपयोग भी नहीं है, में उपलब्ध बेशकीमती क्रिटिकल और स्ट्रेटेजिक खनिजों का पुनर्चक्रण कर इसे व्यावसायिक उत्पादन में उपयोग करने के लिए अध्ययन किया जा रहा है। यह अध्ययन अभिनव प्रयास है। इस समझौते के अंतर्गत खान विभाग द्वारा पायलट प्रोजेक्ट के रूप में 78 डम्प्स चिन्हित कर 10-10 डम्प्स का कलस्टर बनाया गया। इनमें से उदयपुर जिले और आसपास के कलस्टर में पिंक मार्बल के 8 डम्प्स और ग्रीन मार्बल (सर्पेंटिनाइट) के 2 डम्प्स का अध्ययन किया गया। इन डम्प्स में निकेल, कोबाल्ट, क्रोमियम और गैलियम की बड़ी मात्रा पाई गई है। आरंभिक अनुमान के अनुसार यह मात्रा पृथ्वी की पपडी (क्रस्ट) में इनकी सामान्य उपलब्धता से 25 से 40 गुना अधिक है। खान विभाग द्वारा चिन्हित 78 डम्प्स में से शेष 68 डम्प्स और टेलिंग्स का भी वैज्ञानिक मूल्यांकन आईआईटी आईएसएम धनबाद के सहयोग से किया जा रहा है। जिसमें खदान डम्प्स का जियो रेफरेन्सड डेटाबेस, मेपिंग, सैंपलिंग, निष्कर्षण, मिनरालॉजिकल एनालिसिस व उपलब्ध संसाधनों का आकलन करते हुए टंगस्टन, लिथियम, कोबाल्ट, निकल, आरईई के रिसोर्सेज जैसे महत्वपूर्ण खनिज की उपलब्धता का पता लगाया जा सकेगा। उदयपुर, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, प्रतापग?, सलूंबर, ऋषभदेव, अजमेर, ब्यावर, सावर, नागौर, सिरोही, जोधपुर, बालेसर, सोजत सिटी और जालौर में अलग-अलग खनिजों के ढेर चिन्हित किये जा चुके हैं। हाल ही में अतिरिक्त मुख्य सचिव खान और पेट्रोलियम अपर्णा अरोरा से आईआईटी धनबाद के प्रो. धीरज कुमार, आईआईटी आईएसएम के एमेरिट्स प्रो. एएस वैंकटेश, टेक्समिन के दानिश और ऑपरेशन्स मैनेजमेंट आईआईटी दिल्ली के विक्रम केवाई ने मुलाकात कर डम्प्स में क्रिटिकल मिनरल्स की प्रचुर मात्रा में उपलब्धता की संभावना व्यक्त की।

## प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास और सुशासन के नए कीर्तिमान स्थापित किए: भजनलाल शर्मा

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जनता के निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में 4,399 दिनों तक निरंतर राष्ट्रसेवा कर भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ना प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व का विषय है। यह उपलब्धि प्रधानमंत्री मोदी के समर्पित नेतृत्व, अथक परिश्रम और 140 करोड़ देशवासियों के अटूट विश्वास का प्रतीक है। नई दिल्ली के भारत मंडपम में बुधवार को हुई महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन, आत्मनिर्भरता, राष्ट्रीय सुरक्षा तथा वैश्विक




प्रतिष्ठा के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। उनका जीवन राष्ट्र सेवा और जनकल्याण को समर्पित अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है। किसान कल्याण, नारी शक्ति वंदन, युवा सशक्तीकरण और सांस्कृतिक विरासत के संवर्धन से 'मोदी है तो मुमकिन है' की भावना का प्रबल संचार हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके नेतृत्व में देश ने जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के गरीब, वंचित एवं अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है।

राजस्थान को राम जल सेतु लिंक परियोजना, यमुना जल समझौता, जयपुर मेट्रो फेज-2 परियोजना, माही-बांसवाड़ा परमाणु ऊर्जा परियोजना सहित अनेक ऐतिहासिक विकास परियोजनाओं की सौगात मिली है। रिफाइनरी का सपना साकार होने से विकास का एक नया युग शुरू होने जा रहा है। दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के अन्तर्गत विकसित हो रहे औद्योगिक क्षेत्रों ने प्रदेश को देश के प्रमुख औद्योगिक गंतव्यों में स्थापित किया है।

# नेहरू बालोद्यान में बदइंतजामी का आलम, दुर्गंध और गंदगी से परेशान हैं हजारों नागरिक

**जयपुर।** राजधानी जयपुर की टोंक रोड स्थित नेहरू बालोद्यान, जो कभी शहरवासियों के लिए स्वच्छ वातावरण, मनोरंजन और स्वास्थ्य गतिविधियों का प्रमुख केंद्र माना जाता था, आज बदइंतजामी और गंदगी की मार झेल रहा है। उद्यान में बने मछली तालाब की दुर्दशा के कारण पूरे क्षेत्र में दुर्गंध फैल रही है, जिससे प्रतिदिन यहां आने वाले हजारों लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार तालाब का पानी लंबे समय से साफ नहीं किया गया है। पानी में काई जम चुकी है और कई स्थानों पर कचरा भी दिखाई दे रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि तालाब में मरी हुई मछलियों और सड़ रहे जैविक अवशेषों के कारण तेज बदबू उठ रही है, जिससे सुबह और शाम के समय पार्क में टहलना और योग करना तक मुश्किल हो गया है।

नेहरू बालोद्यान में प्रतिदिन बड़ी संख्या में मॉर्निंग वॉक करने वाले नागरिक, योग साधक, बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे पहुंचते हैं। लेकिन इन दिनों पार्क का वातावरण इतना दूषित हो चुका है कि लोग वहां अधिक समय तक रुकने से भी बच रहे हैं। वरिष्ठ नागरिकों का कहना है कि पार्क में स्वास्थ्य लाभ लेने आते हैं, लेकिन यहां की दुर्गंध और गंदगी से स्वास्थ्य पर ही विपरीत असर पड़ रहा है।

स्थानीय निवासियों ने बताया कि कई बार संबंधित अधिकारियों और नगर निगम प्रशासन को समस्या की







जानकारी दी गई, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिले हैं। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते तालाब की सफाई और रखरखाव नहीं किया गया तो यह स्थिति गंभीर स्वास्थ्य संकट का रूप ले सकती है। गंदे पानी के कारण मच्छरों की संख्या भी बढ़ रही है, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा बना हुआ है।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि नेहरू बालोद्यान जैसे महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थल की इस तरह की अनदेखी चिंताजनक है। करोड़ों रुपये खर्च कर शहर के उद्यानों को विकसित करने के दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि तालाब की तत्काल सफाई करवाई जाए, मरी हुई मछलियों और कचरे को हटाया जाए तथा नियमित निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

नागरिकों का कहना है कि नेहरू बालोद्यान केवल एक पार्क नहीं, बल्कि हजारों लोगों के स्वास्थ्य और सामाजिक जीवन का केंद्र है। ऐसे में इसकी स्वच्छता और सुंदरता बनाए रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है। यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो स्थानीय लोग जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के खिलाफ आंदोलन का रास्ता अपनाने पर विचार कर सकते हैं।

स्वच्छ शहर का सपना तभी साकार होगा, जब शहर के प्रमुख उद्यान भी स्वच्छ और सुव्यवस्थित रहेंगे। नेहरू बालोद्यान की वर्तमान स्थिति प्रशासन से इसी सवाल का जवाब मांग रही है।

# उदयपुरवाटी का लाडला बेटा सुशील सैनी बना नगरपालिका सह प्रभारी

## कई लोगों ने सुशील सैनी को दी बधाई

● अतुल्य संसार नेटवर्क



**सुमेर सिंह राव/उदयपुरवाटी।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत उदयपुरवाटी नगर पालिका क्षेत्र में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने और सफाई व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए प्रभारी और सह-प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। नगर पालिका उदयपुरवाटी में सुशील सैनी को सह प्रभारी और रजत को प्रभारी बनाया गया है। स्वच्छ भारत मिशन राजस्थान के समन्वयक के.के. गुप्ता द्वारा जारी पत्र के अनुसार, इन नियुक्तियों का उद्देश्य स्वच्छता संबंधी शिकायतों और समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। पत्र में बताया गया है कि नगर में कहीं भी गंदगी, सफाई व्यवस्था में कमी या अन्य स्वच्छता संबंधी समस्या दिखने पर उसकी फोटो व्हाट्सएप समूह में साझा कर सूचना दी जा सकती है। प्रभारी और सह-प्रभारी इन शिकायतों का शीघ्र निस्तारण कर आमजन को राहत देंगे। इसकी के साथ सह प्रभारी सुशील सैनी ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व, स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एंबेसडर कृष्ण गुप्ता एवं भाजपा जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुलहरी का आभार जताया है!

# ड्रीम अचीवर्स द्वारा वृद्धाश्रम में सामाजिक सेवा कार्यक्रम का आयोजन।



● अतुल्य संसार नेटवर्क

**जयपुर।** ड्रीम अचीवर्स द्वारा अपना घर वृद्धाश्रम, घाट गेट, जयपुर में एक भावनात्मक एवं प्रेरणादायक सेवा गतिविधि का आयोजन किया गया। फाउंडर प्रीति गोयल ने बताया इस अवसर पर संस्था के सदस्यों ने वृद्धजनों के साथ समय बिताया, उनका हालचाल जाना तथा उनके साथ आत्मीय संवाद कर उन्हें अपनत्व का एहसास कराया। कार्यक्रम के दौरान वृद्धाश्रम के निवासियों को कपड़े ,फल एवं अल्पाहार वितरित किए गए। साथ ही सभी ने मिलकर खुशियों भरे पल साझा किए और मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से वातावरण को उत्साहपूर्ण बनाया। ड्रीम अचीवर्स की संस्थापक अध्यक्ष मीनाक्षी जैन ने कहा कि समाज के वरिष्ठ नागरिक हमारे अनुभव और संस्कारों की अमूल्य धरोहर हैं। उनके साथ समय बिताना और उनके चेहरे पर मुस्कान लाना हम सभी की सामाजिक जिम्मेदारी है। इस सेवा गतिविधि ने सभी प्रतिभागियों को मानवीय संवेदनाओं, सम्मान और सेवा के महत्व का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में वृद्धजनों ने संस्था के इस प्रयास की सराहना करते हुए आशीर्वाद प्रदान किया। इस सेवा कार्य को संपन्न करने में संस्था के सदस्यों ने अपना पूरा सहयोग दिया।

# जिले में 'स्टॉप डायरिया कैम्पेन' का आयोजन आगामी 16 जून से

## आगामी 31 जुलाई तक आयोजित होगा अभियान, डायरिया की रोकथाम, सफाई और ओआरएस से रखें अपना ध्यान

● अतुल्य संसार नेटवर्क

**जयपुर द्वितीय।** जिले में आगामी 16 जून से स्टॉप डायरिया कैम्पेन का आयोजन किया जाएगा। अभियान आगामी 31 जुलाई तक संचालित किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत दस्त रोग से रोकथाम के लिए सुरक्षा, बचाव और उपचार की जागरूकता परक गतिविधियों का आयोजन होगा। इस वर्ष कैम्पेन डायरिया की रोकथाम, सफाई और ओआरएस से रखें अपना ध्यान थीम पर आयोजित किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल ने बताया कि मानसून के मौसम में दस्त रोग की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। बाल मृत्यु के कारणों में दस्त मुख्य कारक है। दस्त रोग नियंत्रण के लिए 16 जून से स्टॉप डायरिया कैम्पेन का आयोजन




किया जा रहा है, जिसमें आमजन को दस्त रोग से बचाव और उपचार की गतिविधियों से अवगत कराया जाएगा। इस वर्ष जिले में डायरिया की रोकथाम, सफाई और ओआरएस से रखें अपना ध्यान थीम आधारित विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (परिवार कल्याण) प्रथम डॉ. धर्मेंद्र कराड़िया और उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (परिवार कल्याण) द्वितीय डॉ. सौरभ आर्य ने बताया कि आगामी 16 जून से 31 जुलाई तक स्टॉप डायरिया कैम्पेन आयोजित किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत आशाएं 5 वर्ष के बच्चों में दस्त नियंत्रण के लिए घर-घर जाकर जिंक की गोलियां और ओआरएस घोल के पैकेट वितरण के साथ आमजन को जागरुक करेंगी। इसके अंतर्गत चिकित्सा संस्थाओं पर ओआरएस कॉर्नर स्थापित किए जाएंगे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 4399 दिन पूर्ण होने पर भाजपा नेताओं ने की विशेष पूजा-अर्चना

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने झारखंड महादेव मंदिर तथा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मोती डूंगरी गणेश मंदिर में की पूजा





● अतुल्य संसार नेटवर्क

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री पद पर 4399 दिन पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेशभर में विशेष पूजा-अर्चना कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने जयपुर स्थित झारखंड महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं निरंतर जनसेवा की कामना की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने पूजन के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित किए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर विकास, आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिष्ठा की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है तथा उनके नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में राष्ट्र तेजी से आगे बढ़ रहा है।

राठौड़ ने कहा कि रेलवे के सुदृढ़ीकरण, गरीबों के लिए आवास, रोजगार सृजन, पेयजल एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार, किसानों की समृद्धि, सेना के आधुनिकीकरण तथा विश्व पटल पर भारत की प्रतिष्ठा बढ़ाने जैसे अनेक ऐतिहासिक कार्य प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हुए हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे इन जनकल्याणकारी उपलब्धियों को आमजन तक पहुंचाएं। झारखंड महादेव मंदिर में आयोजित पूजा-अर्चना कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री भूपेंद्र सैनी, प्रदेश मंत्री डॉ. अपूर्वा सिंह तथा भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राखी राठौड़ सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। वहीं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर स्थित मोती डूंगरी गणेश मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और निरंतर जनसेवा की कामना की। पूजा-अर्चना के उपरांत मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर भाजपा महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी, राज्यसभा प्रत्याशी डॉ. अलका गुर्जर, भाजपा कार्यालय सचिव मुकेश पारीक, विधायक कालीचरण सराफ सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे। भाजपा संगठन महामंत्री अजेय कुमार ने जयपुर स्थित गोविंद देवजी मंदिर में पूजा अर्चना की। इस दौरान पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, वित्त आयोग अध्यक्ष डॉ अरुण चतुर्वेदी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी, जयपुर सांसद मंजू शर्मा, प्रदेश मंत्री एकता अग्रवाल, विधायक बालमुकुंदाचार्य तथा जिला अध्यक्ष अमित गोयल सहित अनेक नेताओं ने पूजा-अर्चना कर प्रधानमंत्री के स्वस्थ एवं सफल नेतृत्व की कामना की। भाजपा पदाधिकारियों ने जयपुर के मोती डूंगरी गणेश मंदिर, गोविंददेव जी मंदिर, झारखंड महादेव मंदिर, बडी चौपड़ स्थित श्रीरामचन्द्र जी का मंदिर, श्री ब्रजनिधि जी का मंदिर तथा नहर के गणेश जी मंदिर में जाकर पूजा अर्चना की। इस दौरान राज्य धरोवर प्राधिकरण अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, नाहर सिंह जोधा, सुरेंद्र पाल ?टीटी, सरिता गैना, महामंत्री डॉ मिथिलेश गौतम, कैलाश मेघवाल, प्रदेश मंत्री नारायण मीणा, अजीत मांडण, आईदान सिंह भाटी, सीताराम पोसवाल, नारायण पुरोहित, भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रमोद वशिष्ठ, प्रदेश कार्यालय सह प्रभारी भवानी शंकर शर्मा, सोशल मीडिया प्रभारी हीरेंद्र कौशिक, आईटी प्रभारी अविनाश जोशी सहित प्रदेश पदाधिकारियों ने विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना की।

# साइबर अपराधियों पर कसेगा शिकंजा - पुलिस अधीक्षक शरण गोपीनाथ के

● अतुल्य संसार नेटवर्क




**दीपचंद शर्मा डीग।** पुलिस अधीक्षक श्री शरण गोपीनाथ के. के निर्देशन में वित्तीय धोखाधड़ी अनुसंधान को बेहतर बनाने के लिए आयोजित किया पुलिस-बैंक संवाद कार्यक्रम, बैंक और पुलिस के बीच बेहतर समन्वय से पीड़ितों को जल्द मिलेगा न्याय, एक्सिस बैंक के सीनियर विजिलेंस ऑफिसर ने साझा किए महत्वपूर्ण गुर जिले में साइबर अपराध और वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों पर पूरी तरह लगाम कसने की दिशा में जिला पुलिस ने एक और बड़ा कदम उठाया है। पुलिस अधीक्षक शरण गोपीनाथ के. के निर्देशन में साइबर फ्रॉड के प्रकरणों के अनुसंधान को अधिक प्रभावी, त्वरित और परिणामोन्मुखी बनाने के उद्देश्य से पुलिस-बैंक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पीडित को न्याय दिलाने के लिए पुलिस अनुसंधान मे बैंक पुलिस समन्वय पर विशेष चर्चा, इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित एक्सिस बैंक के सीनियर विजिलेंस ऑफिसर श्री रितेश कुमार ने वित्तीय अपराधों के अनुसंधान को बेहतर करने के संबंध में अपने दीर्घकालिक अनुभव डीग पुलिस के साथ साझा किए । सेमीनार के दौरान इस बात पर सबसे ज्यादा जोर दिया गया कि साइबर ठगी होने की स्थिति में अनुसंधान अधिकारी द्वारा बैंक से किस प्रकार त्वरित और प्रभावी तालमेल स्थापित किया जाए, ताकि- होल्ड और फ्रीज- ठगी का शिकार हुए पीडित की राशि को अपराधियों के खातों में ट्रांसफर होने से पहले या आगे विड्रॉ होने से पहले तुरंत होल्ड / फ्रीज कराया जा सके। डेटा शेयरिंग – बैंक से आवश्यक तकनीकी डेटा और खाताधारकों की जानकारी बिना किसी देरी के प्राप्त की जा सके, जिससे अपराधियों को दबोचना आसान हो। त्वरित न्याय* – पुलिस और बैंक के बीच इस रीयल टाइम समन्वय से न केवल जांच की गुणवत्ता सुधरेगी, बल्कि पीड़ित व्यक्ति को समय पर उसका पैसा वापस दिलाकर न्याय सुनिश्चित किया जा सकेगा। इस पुलिस बैंक संवाद कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, सीओ साइबर सीओ डीग, थानाधिकारीगण कोतवाली, सदर, खोह, नगर एवं कुम्हेर तथा पुलिस कार्मिकों द्वारा भाग लिया गया। जिले के शेष थानाधिकारियों द्वारा वीसी लिंक के माध्यम से उक्त कार्यक्रम में भाग लिया। साइबर अपराध के मामलों में समय सबसे महत्वपूर्ण कारक है। बैंक और पुलिस के बीच का यह डिजिटल और प्रशासनिक समन्वय ही साइबर अपराधियों के नेटवर्क को तोड़ने का सबसे कारगर हथियार साबित होगा। संवाद कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित अधिकारियों को साइबर फ्रॉड से जुड़े मामलों में लेटेस्ट गाइडलाइंस और ऑनलाईन अनुसंधान मे सूचना/संपर्क सूत्रों की जानकारी प्राप्त करने के तरीके भी साझा किए गए, ताकि फील्ड में काम करते समय बैंक से संपर्क करने में कोई बाधा न आए । साईबर ठगी होने पर सर्वप्रथम क्या करें ? साइबर ठगी होने पर बिल्कुल भी घबराएं नहीं। समय बहुत महत्वपूर्ण है- आप जितनी जल्दी कदम उठाएंगे, आपके पैसे वापस मिलने की संभावना उतनी ही अधिक होगी । ठगी होने पर तुरंत ये 4 सबसे महत्वपूर्ण कदम उठाएं- तुरंत गोल्डन ऑवर में कॉल करें* –साइबर अपराध की दुनिया में ठगी के शुरुआती 1-2 घंटे गोल्डन ऑवर कहलाते हैं। इस दौरान पैसे को जालसाज के अकाउंट में फ्रीज कराने की संभावना सबसे ज्यादा होती है ।1930 पर कॉल करें । यह भारत सरकार का राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर है। तुरंत इस पर कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज कराएं । बैंक को सूचित करें-* अपने बैंक के कस्टमर केयर नंबर पर तुरंत कॉल करें। उन्हें बताएं कि आपके साथ फ्रॉड हुआ है, ताकि वे आपके अकाउंट / कार्ड को ब्लॉक कर सकें और उस ट्रांजैक्शन को रोकने की कोशिश करें । आधिकारिक पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करें*- अगर हेल्पलाइन पर बात न हो पाए या कॉल के बाद, तुरंत सरकारी वेबसाइट पर जाएं-

वेबसाइट-www .cybercrime.gov.in पर लॉग ऑन करें और अपनी शिकायत दर्ज करें। यहाँ शिकायत दर्ज होने पर देश के सभी बैंकों और नोडल अधिकारियों को तुरंत अलर्ट जाता है । सबूत सुरक्षित रखें –कार्यवाही के लिए आपके पास पुख्ता सबूत होने चाहिए। इन चीजों को डिलीट न करें और इनके स्क्रीनशॉट लेकर रख लें-जैसे बैंक से पैसे कटने का SMS और Transaction ID, बैंक स्टेटमेंट या पासबुक की एंट्री, जालसाज का मोबाइल नंबर, व्हाट्सऐप चौट या ईमेल, वह फर्जी लिंक या वेबसाइट, जिस पर आपने क्लिक किया था। नजदीकी पुलिस स्टेशन या साइबर सेल जाएं- ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने के बाद उसकी एक कॉपी डाउनलोड कर लें। इस कॉपी और अपने बैंक स्टेटमेंट के साथ अपने नजदीकी साइबर पुलिस स्टेशन या स्थानीय थाने में जाकर लिखित शिकायत / एफआईआर दर्ज कराएं।

## ग्राम पंचायत स्तर तक कायम होगा सीधा संवाद

# शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री ने शुरू की विशेष जनसुनवाई

## प्रदेश की सात ग्राम पंचायतों से वर्चुअल जुड़कर किया समस्याओं का समाधान

**कोटा।** ग्राम पंचायत स्तर तक ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं जानने और हाथो-हाथ अधिकारियों को निर्देश देकर उन समस्याओं का हल करने का नवाचार करते हुए पंचायती राज मंत्री श्री मदन दिलावर बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित डीओआईटी के वीसी रूम से विशेष जनसुनवाई के दौरान प्रदेश की चुनिंदा ग्राम पंचायतों में उपस्थित ग्रामीणों से वर्चुअल माध्यम से जुडे, उनकी समस्याएं सुनी और कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान भी किया।

विभिन्न ग्राम पंचायतों पर अटल सेवा केन्द्रों पर उपस्थित ग्रामीणों ने अपनी समस्या बताई, अधिकारियों ने रजिस्टर में दर्ज की और परिवादी ने शिक्षा मंत्री के समक्ष अपनी समस्या रखी। श्री दिलावर ने पूरी संवेदनशीलता दिखाते हुए कई परिवादियों की समस्या का मौके पर ही समाधान करवाया।



### स्वीकृत हुई मांगी बाई और निर्मला देवी की पेंशन

चित्तौडगड जिले की मंडफिया ग्राम पंचायत की जनसुनवाई में जवासिया निवासी मांगी बाई एवं निर्मला देवी ने शिक्षा मंत्री से गुहार लगाई कि उनकी वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृत नहीं हुई है। श्री दिलावर ने तुरंत ही वहां उपस्थित मंडफिया के ग्राम विकास अधिकारी को पेंशन स्वीकृत कराने के निर्देश दिए। शिक्षा मंत्री के निर्देशों पर ग्राम विकास अधिकारी ने तुरंत ही पूरी प्रक्रिया कर पेंशन स्वीकृति का पीपीओ जारी कर दिया। मांगी बाई एवं निर्मला देवी ने शिक्षा मंत्री को धन्यवाद दिया कि इतनी दूर बैठकर भी मंत्रीजी ने उनकी समस्या का तुरंत समाधान करवाया।

डूंगरपुर जिले की सीमलवाडा ग्राम पंचायत के पन्नालाल एवं बालकृष्ण पंड्या ने बताया कि उनका मकान कच्चा है और बारिश में गिरने की आशंका रहती है। उन्हें पीएम आवास योजना में पक्का मकान स्वीकृत कराया जाए। शिक्षा मंत्री ने ग्राम विकास अधिकारी को तुरंत इस संबंध में निर्देश दिए। ग्राम विकास अधिकारी ने बताया कि सर्वे सूची में दोनों का नाम है और स्वीकृति मिलते ही उनके खाते में पीएम आवास योजना का पैसा आ जाएगा। बारां जिले की कवाई ग्राम पंचायत के सत्यनारायण सेन ने कहा कि उन्होंने शौचालय के लिए आवेदन किया था लेकिन अभी तक पैसा नहीं मिला है। शिक्षा मंत्री ने ग्राम विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि पात्र होने पर आगामी 15 दिन में सत्यनारायण के लिए शौचालय की स्वीकृति दिलाते हुए पैसा उनके खाते में पहुंचे, यह सुनिश्चित करें। कवाई निवासी सुनीता ने पीएम आवास योजना में नाम नहीं आने की शिकायत की जिस पर शिक्षा मंत्री ने ग्राम विकास अधिकारी से इसकी जानकारी ली। ग्राम विकास अधिकारी ने सर्वे में नाम आने और आवास की स्वीकृति शीघ्र दिलाने का आश्वासन दिया। कालबेलिया बस्ती निवासी हरि सिंह ने पानी की समस्या शिक्षा मंत्री के समक्ष रखी तो श्री दिलावर ने पीएचईडी के सहायक अभियंता को निर्देश दिए कि क्षेत्र में ट्यूबवेल और पाइपलाइन की तकनीकी स्वीकृति जल्दी देकर एक माह में प्रभावित घरों में पानी पहुंचाएं। सहायक अभियंता ने कहा कि 15 दिनों में ट्यूबवेल खुदाई और पाइपलाइन डालने का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

जनसुनवाई की शुरुआत में शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री ने कहा कि गांव के लोगों को अपने सरकारी काम के लिए राजधानी एवं जिला मुख्यालय तक नहीं आना पडे उनसे दूर बैठकर भी तकनीक का उपयोग करते हुए वर्चुअल बात कर उनकी समस्या सुनी जा सके और मौके पर ही संबंधित अधिकारी को निर्देश देकर उसका समाधान करने के उद्देश्य से विशेष जनसुनवाई का यह कार्यक्रम शुरू किया गया है।

कुछ ग्राम पंचायतों में प्रतिदिन सफाई नहीं होने की शिकायत आने पर शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री ने संबंधित बीडीओ एवं ग्राम विकास अधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिए कि सफाई के लिए ग्राम पंचायतों को प्रतिमाह कम से कम एक लाख रुपए दिया जा रहा है। इसे दूसरे कार्यों में खर्च नहीं करें। पूरे गांव की प्रतिदिन सफाई हो और कचरा गाडी कचरा उठाकर नियत स्थान पर डाले, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि हर गांव साफ-सुथरा हो, यह सभी की जिम्मेदारी है।

विशेष जनसुनवाई में बुधवार को राजसमंद जिले की ग्राम पंचायत पिपलांत्री से 11, बारां जिले की ग्राम पंचायत कवाई से 8, डूंगरपुर जिले की ग्राम पंचायत सीमलवाडा से 9, बीकानेर जिले की ग्राम पंचायत पांचू से 15, चित्तौडगड जिले की ग्राम पंचायत मंडफिया से 15, पाली जिले की ग्राम पंचायत सीणगारी से 30, जयपुर जिले की ग्राम पंचायत दहमी कलां से 8 परिवाद प्राप्त हुए। इन सभी ग्राम पंचायतों से परिवादी शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री से सीधा जुडे और श्री दिलावार ने कई परिवादियों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान भी किया।

जनसुनवाई में संबंधित पंचायत समिति के खंड विकास अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी, बिजली, पानी, शिक्षा एवं अन्य विभागों से जुडे अधिकारी एवं स्थानीय जन प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

# आरटीयू परिसर में आयोजित सीएटीसी कम प्री-टीएससी शिविर का भव्य समापन

**कोटा।** राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय (आरटीयू), कोटा परिसर में 14 राजस्थान बटालियन एनसीसी, कोटा के तत्वावधान में आयोजित संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (ष्टञ्जष्ट) कम प्री-थल सैनिक कैंप (क्व्ह्र-ञ्जस्ष्ट ष्टड्डद्बश्च) का भव्य समापन हुआ। 2 जून से प्रारम्भ होकर 11 जून तक चले इस दस दिवसीय शिविर में कोटा समूह के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के लगभग 600 एनसीसी कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर का उद्देश्य कैडेट्स में सैन्य कौशल, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, राष्ट्रभक्ति एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का विकास करना था।

शिविर के दौरान कैडेट्स को एनसीसी के नियमित प्रशिक्षण के अंतर्गत ड्रिल, फील्ड क्राफ्ट, मैप रीडिंग, हथियार प्रशिक्षण, व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना एवं आपदा प्रबंधन से संबंधित गतिविधियों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रमों का संचालन अनुभवी सैन्य प्रशिक्षकों एवं एनसीसी अधिकारियों द्वारा किया गया, जिससे कैडेट्स को व्यवहारिक एवं गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त हुआ।

### पहली बार मिला कमांडो प्रशिक्षण

इस वर्ष शिविर की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि कैडेट्स को पहली बार कमांडो प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के अंतर्गत बाधा दौड़, सामरिक गतिविधियां, आत्मरक्षा, युद्ध कौशल, शारीरिक सहनशक्ति एवं कठिन परिस्थितियों में कार्य करने की तकनीकों का अभ्यास कराया गया। इस प्रशिक्षण ने कैडेट्स में साहस, आत्मविश्वास, त्वरित निर्णय क्षमता तथा चुनौतियों का सामना करने की योग्यता विकसित की। कैडेट्स ने इस प्रशिक्षण में विशेष रुचि दिखाई और इसे अपने लिए अत्यंत उपयोगी अनुभव बताया।

### रक्तदान शिविर से दिया मानव सेवा का संदेश

शिविर के दौरान सामाजिक सरोकारों को प्राथमिकता देते हुए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सरकारी मेडिकल कॉलेज, कोटा में



रक्त की कमी को देखते हुए एनसीसी अधिकारियों, स्टाफ एवं योग्य कैडेट्स ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। इस पहल ने समाज के प्रति एनसीसी की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हुए मानव सेवा का प्रेरणादायी संदेश दिया।

### योग प्रशिक्षण पर रहा विशेष फोकस

वर्तमान वर्ष की थीम के अनुरूप शिविर में योग एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों को विशेष महत्व दिया गया। प्रतिदिन आयोजित योग सत्रों में कैडेट्स को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का प्रशिक्षण दिया गया। योग के माध्यम से शारीरिक फिटनेस, मानसिक संतुलन, तनाव प्रबंधन एवं सकारात्मक जीवनशैली के महत्व को भी समझाया गया। योग प्रशिक्षण ने कैडेट्स को स्वस्थ एवं अनुशासित जीवन की दिशा में प्रेरित किया।

### थल सैनिक कैंप के लिए विशेष तैयारी

शिविर का प्रमुख उद्देश्य आगामी थल सैनिक कैंप (ञ्जस्ष्ट) के लिए संभावित कैडेट्स को तैयार करना भी रहा। चयनित कैडेट्स को टेंट पिचिंग, मैप रीडिंग, फील्ड क्राफ्ट, फायरिंग, ऑब्स्टेकल प्रशिक्षण तथा अन्य प्रतियोगी गतिविधियों का गहन अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षकों द्वारा राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया, ताकि कोटा समूह के कैडेट्स थल सैनिक कैंप में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें और समूह का गौरव बढ़ा सकें।

### कुलपति ने किया कैडेट्स का उत्साहवर्धन

शिविर के दौरान राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. निम्मित चौधरी ने कहा कि एनसीसी युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व, राष्ट्रभक्ति और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण शिविर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा उन्हें जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करते हैं। उन्होंने कैडेट्स से शिविर में प्राप्त प्रशिक्षण एवं अनुभवों को अपने जीवन में आत्मसात करने तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

समापन समारोह के दौरान कैडेट्स द्वारा विभिन्न प्रशिक्षण गतिविधियों का प्रदर्शन भी किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को सम्मानित किया गया तथा सभी प्रतिभागियों को भविष्य में और अधिक मेहनत एवं समर्पण के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।

शिविर के सफल संचालन में 14 राजस्थान बटालियन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल डी.एस. सामंत के मार्गदर्शन में सभी प्रशिक्षण गतिविधियों का प्रभावी संचालन किया गया। शिविर की प्रशासनिक व्यवस्थाओं एवं समन्वय की जिम्मेदारी प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल देवराज सिंह ने संभाली। सूबेदार मेजर मानद कप्तान बलराम गुर्जर ने प्रशिक्षण एवं अनुशासन संबंधी व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं आरटीयू एनसीसी अधिकारी डॉ. शांति लाल मीणा ने विश्वविद्यालय प्रशासन एवं एनसीसी के मध्य प्रभावी समन्वय स्थापित करते हुए शिविर के सफल आयोजन में सक्रिय योगदान दिया। अधिकारियों, प्रशिक्षकों एवं सहयोगी स्टाफ के सामूहिक प्रयासों से यह शिविर कैडेट्स के व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व निर्माण तथा राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं की तैयारी के लिए अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायी सिद्ध हुआ।

# बिजली विभाग की लापरवाही से पेड़ों पर मंडरा रहा खतरा, पूर्व सरपंच ने खंभे हटाने की उठाई मांग

**जयपुर/चंदवाजी।** ग्राम पंचायत चंदवाजी के पीलवा गांव में बिजली विभाग की कथित लापरवाही के कारण हरित पेड़ों और आमजन की सुरक्षा पर खतरा मंडराने लगा है। गांव के श्मशान घाट के सामने स्थित सड़क किनारे पेड़ों के ऊपर से हाईटेंशन विद्युत लाइन गुजार दी गई है, जिससे पेड़ों को नुकसान पहुंचने के साथ-साथ दुर्घटना की आशंका भी बढ़ गई है। ग्रामीणों के अनुसार खसरा नंबर 03 के पास सड़क किनारे लगे हरे-भरे पेड़ों के ठीक ऊपर से बिजली की बड़ी लाइन निकाली गई है। इससे तेज हवा या बारिश के दौरान किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। मामले को लेकर गांव के पूर्व सरपंच सरोज कैलाश चंद मीणा ने बिजली विभाग के प्रति नाराजगी जताते हुए तत्काल समाधान की मांग की है। पूर्व सरपंच ने कहा कि पेड़ों के बीच से गुजर रही विद्युत लाइनें पर्यावरण संरक्षण के लिए भी खतरा हैं। उन्होंने विभाग से मांग की है कि इन बिजली खंभों को वर्तमान स्थान से हटाकर सड़क किनारे से लगभग 30 फीट दूर श्मशान घाट की मिट्टी की पाल पर स्थापित किया जाए, ताकि पेड़ों को सुरक्षित रखा जा सके और भविष्य में किसी प्रकार की दुर्घटना की संभावना न रहे। ग्रामीणों ने भी विभाग से शीघ्र कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि यदि समय रहते व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो जनहानि होने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। वहीं पर्यावरण प्रेमियों ने भी पेड़ों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए विद्युत लाइन के मार्ग में बदलाव की मांग की है।

# फिटनेस प्रमाण पत्रों में देरी से वाहन स्वामियों का रोजगार संकट में, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोटा दक्षिण ने आरटीओ अधिकारी का घेराव कर सौंपा ज्ञापन

**टैक्स वसूला, फिटनेस नहीं दी; अब चालान और जब्ती क्यों? – जोन्टी बीरवाल, फिटनेस प्रमाण पत्रों में देरी से सैकड़ों परिवार प्रभावित, कांग्रेस ने आरटीओ अधिकारी कोटा को घेरा**

**कोटा।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोटा दक्षिण के अध्यक्ष जोन्टी बीरवाल के नेतृत्व में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर टिपर/डम्पर वाहनों, 8 सीटर निजी वाहनों एवं इलेक्ट्रिक वाहनों के लंबित फिटनेस प्रमाण पत्र तत्काल जारी करने तथा लंबित फिटनेस के नाम पर किए जा रहे चालान एवं वाहन जब्ती की कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की गई।

इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष जोन्टी बीरवाल ने कहा कि परिवहन विभाग द्वारा वाहन स्वामियों से अग्रिम कर एवं निर्धारित शुल्क वसूलने के बावजूद फिटनेस प्रमाण पत्र जारी नहीं किए जा रहे हैं। विभागीय उदासीनता का खामियाजा वाहन मालिकों, चालकों एवं उनके परिवारों को भुगतना पड़ रहा है। अनेक वाहन सड़क पर खड़े हैं, जिससे सैकड़ों परिवारों की आजीविका प्रभावित हो रही है।

उन्होंने कहा कि जब विभाग स्वयं फिटनेस प्रमाण पत्र जारी करने में देरी कर रहा है, तब उसी आधार पर वाहन स्वामियों के चालान काटना एवं वाहन जब्त करना पूर्णतः अन्यायपूर्ण और जनविरोधी कार्रवाई है। विशेष रूप से इलेक्ट्रिक वाहन संचालक इस समस्या से गंभीर रूप से प्रभावित हो रहे हैं।

जोन्टी बीरवाल ने आरटीओ अधिकारी मनीष



शर्मा से मांग की कि जिन वाहन स्वामियों ने निर्धारित कर एवं शुल्क जमा करवा दिए हैं और जिनके फिटनेस आवेदन विभाग में लंबित हैं, उनके विरुद्ध किसी भी प्रकार की दंडात्मक कार्रवाई तत्काल रोकी जाए तथा सभी लंबित फिटनेस प्रमाण पत्र प्राथमिकता के आधार पर जारी किए जाएं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि वाहन स्वामियों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो कांग्रेस वाहन मालिकों एवं चालकों के साथ मिलकर व्यापक जनआंदोलन करने को बाध्य होगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी परिवहन विभाग एवं राज्य सरकार की होगी। ज्ञापन की प्रतिलिपि जिला कलेक्टर, परिवहन आयुक्त राजस्थान, शहर जिला कांग्रेस कमेटी एवं संबंधित वाहन यूनियनों को भी भेजी गई। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रमोद त्रिपाठी, निवर्तमान पार्षद कपिल शर्मा, सेवादल जिलाध्यक्ष प्रेम लाहौरिया, कच्ची बस्ती जिलाध्यक्ष शिवराज गुर्जर, मंडल अध्यक्ष सिद्दिक अंसारी, अल्पसंख्यक ब्लॉक अध्यक्ष अब्दुल सलाम, आरटीओ यूनियन अध्यक्ष मो. सलीम मंसूरी, महासचिव खेमराज सुमन, उपाध्यक्ष मिंटू होरा, बद्रीलाल सुमन, कोषाध्यक्ष श्याम सुंदर शर्मा, मो. हयात, बबलू भाई, लोकेश शर्मा, नवीन सुर्या, ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष अमित दाधीच, मुकेश चौधरी, जुल्फिकार अली, महासचिव सुंदर सिंह, रणवीर चौधरी, दिनेश महावर, मनोज अजमेरा, दीपक जैसवाल, आबिद अंसारी, अशफ़ाक अंसारी, आनंद कुमार, अतुल शर्मा टोनी, शशांक, लोकेश, पुरुषोत्तम, सूरज, महबूब अली, मोहसिन खान सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# जोधपुरा में राजपूत समाज का तीन दिवसीय बाईसा- राज स्नेह मिलन समारोह संपन्न

**बाईसा राज स्नेह मिलन समारोह के दौरान राजपूत समाज की महिलाओं का भी किया सम्मान**

**सुमेर सिंह राव/उदयपुरवाटी।** उपखंड क्षेत्र के जोधपुरा स्थित बाला सती मंदिर प्रांगण में राजपूत समाज द्वारा 6 जून से 8 जून तक तीन दिवसीय बाईसा-राज स्नेह मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज की बहनों, बेटियों एवं बुजुर्ग महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दूर-दराज क्षेत्रों से आई 125 से अधिक बहन-बेटियों की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष बना दिया। समारोह के प्रथम दिन 6 जून को समाज की बुजुर्ग बहनों एवं बेटियों का पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम के पश्चात सायंकाल में श्रद्धा एवं भक्ति से परिपूर्ण सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, द्वितीय दिन 7 जून को प्रातःकाल विभिन्न मनोरंजक एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें म्यूजिकल चेयर, रस्साकशी, नींबू-चम्मच दौड़ सहित अन्य प्रतियोगिताएं शामिल रहीं। प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। दोपहर बाद सभी बहन-बेटियों को गांव में भव्य नगर भ्रमण कराया गया। गाजेबाजे एवं पारंपरिक स्वागत के साथ निकाली गई इस शोभायात्रा ने सभी को उनके बचपन की यादों से जोड़ दिया। नगर भ्रमण के दौरान संपूर्ण राजपूत समाज का प्रतिनिधित्व देखने को मिला। ग्रामवासियों ने विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा कर अतिथियों का स्वागत किया और कार्यक्रम को यादगार बना दिया। सात जून की रात्रि में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें विशेष रूप से घूमर नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। समारोह के अंतिम दिन 8 जून को प्रातः 9 बजे से विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर गांव के बुजुर्गों ने सभी आई हुई बहनों एवं बेटियों का सम्मान करते हुए स्मृति चिन्ह भेंट किए। सामूहिक फोटो सत्र के बाद भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर समाज के लोगों ने आयोजकों का आभार व्यक्त किया। प्रतिभावान बहन-बेटियों का किया सम्मान समारोह के दौरान शिक्षा, सामाजिक एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाली समाज की प्रतिभावान बहन-बेटियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर रेखा कंवर, वंदना कंवर,सोनू राठौर पुत्री नंदू बाईसा एवं अनामिका कंवर झील कंवर को स्मृति चिन्ह एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। समाज के वरिष्ठजनों ने कहा कि बेटियों की उपलब्धियां पूरे समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। सम्मान समारोह के दौरान उपस्थित लोगों ने




सभी सम्मानित बहन-बेटियों का तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम समाज के बुजुर्ग सोहन सिंह शेखावत एवं हरी सिंह शेखावत के सान्निध्य में संपन्न हुआ। तीन दिवसीय आयोजन में बड़ी संख्या में समाजबंधुओं ने भाग लेकर इसे सफल बनाया।

धन्यवाद भाषण में सत्येंद्र सिंह ने कहा मैं समाज के सभी युवाओं, वरिष्ठजनों, मातृशक्ति एवं सहयोगियों का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने दिन-रात मेहनत कर इस तीन दिवसीय आयोजन को सफल बनाया। आप सभी के सहयोग, समर्पण और अथक प्रयासों के बिना इस भव्य कार्यक्रम का सफल आयोजन संभव नहीं था। उन्होंने आगे कहा कि, यद्यपि यह कार्यक्रम आज औपचारिक रूप से समाप्त हो रहा है, लेकिन यहां से शुरू हुआ प्रेम, स्नेह, भाईचारे और सामाजिक एकता का सिलसिला कभी समाप्त नहीं होना चाहिए। हमें इसी भावना के साथ समाज को और अधिक मजबूत बनाने के लिए निरंतर प्रयास करते रहना होगा। कार्यक्रम के दौरान सरिता राठौड़ ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य हमारी बहन-बेटियों और उनके परिवारों के बीच आपसी प्रेम, स्नेह और सामाजिक एकता को मजबूत करना था। साथ ही नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति, परंपराओं और जड़ों से जोड़ना भी हमारा प्रमुख लक्ष्य था। हमें अत्यंत प्रसन्नता है कि इस उद्देश्य की पूर्ति में हम पूरी तरह सफल रहे हैं। तीन दिनों तक चले इस मिलन समारोह ने समाज के लोगों को एक-दूसरे के और करीब लाने का कार्य किया तथा नई पीढ़ी को अपनी विरासत और संस्कारों से जोड़ने का अवसर प्रदान किया। पूरे स्मारोह मे मौजूद जालमसिंह के सोहन सिंह सायर सिंह पेहप् सिंह भारत सिंह भवानी सिंह भँवर सिंह राम सिंह श्याम सिंह प्रेम सिंह चैन सिंह सुमन सिंह रघुनाथ सिंह बजरंग सिंह, कमांडो सुरेंद्र सिंह (पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौर) जयसिंह (पी. ए नवलगढ़ विधायक) नवदीप सिंह अजय सिंह शेखावत रंगों बन्ना गोकुल सिंह तनुज शेखावत ज्यानु भानु परताब कुंदन शेखावत यजवेंद शेखावत रविंद्र सिंह शैलेंद्र सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

# पचपदरा रिफाइनरी से जल्द मिलेगी खुशखबरी...

# इसी महीने शुरू होगा डीजल का उत्पादन, एचपीसीएल खोलेगा नए आउटलेट



**जयपुर।** पचपदरा रिफाइनरी से इसी महीने डीजल उत्पादन शुरू होने जा रहा है। राज्य सरकार की कोशिश है कि रिफाइनरी में तैयार होने वाले डीजल, पेट्रोल और एलपीजी जैसे उत्पादों का अधिकतम उपयोग राजस्थान में ही हो, ताकि प्रदेश में निवेश बढ़े, रोजगार के नए अवसर पैदा हों और राजस्व में भी वृद्धि हो सके। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने बुधवार को रिफाइनरी उत्पादों के विपणन को लेकर विभिन्न विभागों और हिन्दुस्तान पेट्रोलियम राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड (एचपीआरएल) के अधिकारियों की बैठक में यह बात कही। उन्होंने कहा कि राजस्थान रिफाइनरी प्रदेश की महत्वपूर्ण परियोजना है, जिसमें राज्य सरकार की 26 प्रतिशत हिस्सेदारी है। रिफाइनरी शुरू होने के बाद सबसे पहले डीजल और एलपीजी का उत्पादन होगा। उन्होंने बताया कि रिफाइनरी से प्रतिवर्ष लगभग 40 लाख मीट्रिक टन डीजल का उत्पादन होने का अनुमान है। ऐसे में राज्य के भीतर ही इन उत्पादों के उपयोग और विपणन की संभावनाओं को बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा। इसके लिए अतिरिक्त मुख्य सचिव अपर्णा अरोरा की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समिति गठित करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

### नए ईंधन आउटलेट शुरू होंगे

बैठक में बताया गया कि हिन्दुस्तान पेट्रोलियम प्रदेशभर में अपने नए ईंधन आउटलेट शुरू करेगा। साथ ही रोडवेज, पुलिस, कारागार, पर्यटन विभाग, स्टेट मोटर गैराज और जिला कलक्टर कार्यालयों के वाहन बेड़ों की ईंधन जरूरतों को भी रिफाइनरी के उत्पादों से जोड़ने की संभावनाएं तलाशी जाएंगी। अतिरिक्त मुख्य सचिव अपर्णा अरोरा ने बताया कि रिफाइनरी पूरी क्षमता से संचालित होने पर हर साल 40 लाख टन डीजल, 10 लाख टन पेट्रोल और 10 लाख टन पॉलीप्रोपलीन का उत्पादन करेगी।

### राज्य सरकार को भेजा जाएगा प्रस्ताव

इसके अलावा एलएलडीपीई, एचडीपीई, ब्यूटाडाइन, बेंजीन, टोल्यूइन और सल्फर जैसे औद्योगिक उत्पाद भी तैयार किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि हिन्दुस्तान पेट्रोलियम की ओर से राजस्थान में करीब 300 ईंधन वितरण केंद्र खोलने की योजना बनाई गई है। इसके लिए उपयुक्त स्थान चिन्हित कर राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजे जाएंगे।

### परिसर में सोलर प्लांट स्थापित किया जाएगा

बैठक में यह भी बताया गया कि रिफाइनरी परिसर में सोलर प्लांट स्थापित किया जा रहा है, जिससे ऊर्जा जरूरतों का एक बड़ा हिस्सा नवीकरणीय स्रोतों से पूरा किया जा सकेगा। अधिकारियों का कहना है कि

# दो बहनों ने एक साथ हासिल की पीएचडीः शोध कार्य से बढ़ाया क्षेत्र का मान

**जयपुर।** महाराज विनायक ग्लोबल यूनिवर्सिटी से मोनिका पालीवाल और राखी पालीवाल ने एक साथ पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर परिवार,समाज और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। दोनों बहनों का शोध कार्य प्रोफेसर डॉ. महेंद्र तिवारी के निर्देशन में सफलतापूर्वक पूर्ण हुआ।

मोनिका पालीवाल ने भारत में अधिकारों की रक्षा में मीडिया की भूमिका ॒ हेट स्पीच से बचाव के विशेष संदर्भ में एक विश्लेषणात्मक अध्ययन विषय पर शोध किया। अपने





शोध में उन्होंने भारतीय परिप्रेक्ष्य में नागरिक अधिकारों की सुरक्षा तथा हेट स्पीच से संरक्षण में मीडिया की भूमिका का विस्तृत एवं विश्लेषणात्मक अध्ययन प्रस्तुत किया है। वहीं राखी पालीवाल ने भारत में महिला कामगारों के लिए श्रम कानूनों के कार्यान्वयन पर एक विश्लेषणात्मक अध्ययन विषय पर शोध कार्य किया। शोध में उन्होंने महिला श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए बनाए गए श्रम कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन, उनकी उपयोगिता तथा उनसे जुड़ी चुनौतियों का विस्तार से विश्लेषण किया। दोनों बहनों की इस उल्लेखनीय शैक्षणिक उपलब्धि पर परिवारजनों, मित्रों, शिक्षाविदों एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन 2030 तक खत्म हो जाएगा: खामियां दूर करना चुनौती

## नासा प्रशांत महासागर में मलबा गिराएगी, 9500 करोड़ खर्च होंगे

**न्यूयॉर्क।** पृथ्वी से करीब 400 किलोमीटर दूर अंतरिक्ष में स्थित इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) अब अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है। नासा ने 2028 से शुरू करके 2030 तक इसे सुरक्षित तरीके से धरती पर गिराने की अपनी योजना को सार्वजनिक किया है। इसके लिए नासा ने 1 अरब डॉलर (करीब 9500 करोड़ रुपए) का प्लान तैयार किया है। आईएसएस पिछले 25 साल से सबसे बड़ी अंतरिक्ष प्रयोगशाला के रूप में काम कर रहा है। आईएसएस निर्धारित उम्र पूरी कर चुका है। इसका कार्यकाल कई बार बढ़ चुका है। पिछले कुछ सालों से इसमें लगातार तकनीकी खामियां आ रही हैं। स्टेशन को सुरक्षित बनाए रखने पर अरबों डॉलर खर्च होते हैं। नासा अब अपने संसाधनों को चंद्रमा और मंगल मिशनों पर केंद्रित करना चाहता है। इसलिए आईएसएस को सम्मानजनक और सुरक्षित तरीके से रिटायर करने का फैसला लिया गया है।



### आईएसएस को एक यान से धरती के वायुमंडल में धकेलेंगे

करीब 4.5 लाख किलोग्राम वजनी आईएसएस को यूं ही पृथ्वी की ओर गिरने नहीं दिया जाएगा। 2028 के आसपास स्टेशन को कक्षा में बनाए रखने की प्रक्रिया धीरे-धीरे बंद कर दी जाएगी। विशेष अंतरिक्ष यान से उसे नियंत्रित तरीके से पृथ्वी के वायुमंडल में धकेला जाएगा। वायुमंडल में प्रवेश करते ही स्टेशन का अधिकांश हिस्सा घर्षण से जलकर नष्ट हो जाएगा। हालांकि, इसके बाद भी स्पेस के बड़े टुकड़े पृथ्वी पर आबादी वाले क्षेत्रों में गिर सकते हैं। इसलिए नासा ने प्रशांत महासागर में जमीन से काफी दूर स्थित क्षेत्र को चुना है, ताकि वायुमंडल में जलने के बाद बचा हुआ मलबा इसी सुनसान समुद्री क्षेत्र में गिरे। नासा के अनुसार, आईएसएस को दक्षिण प्रशांत महासागर के क्षेत्र में क्रैश किया जाएगा। इस जगह का नाम पॉइंट नीमो है। यह जगह वैश्विक स्तर पर खास अंतरिक्ष के पुराने स्पेस स्टेशन, सैटेलाइट और दूसरे कचरे को डिस्पोज करने के लिए चुनी गई है। पॉइंट नीमो के आसपास किसी भी जहाज के जाने पर बैन है। यहां इंसानों के रहने के लिए कोई जगह नहीं है। साल 1971 से लेकर अब तक तकरीबन 300 तरह के अंतरिक्षीय कचरे को यहां गिराया गया है। इसमें अधिकतर अमेरिकी और रूसी कचरा शामिल है।

### 19 देशों के अंतरिक्ष यात्री आईएसएस का दौरा कर चुके

आईएसएस में अंतरिक्ष यात्रियों के लिए सभी सुविधाएं मौजूद हैं। यहां 6 से 8 लोग 6 महीने तक रह सकते हैं। इस पर पृथ्वी से उडान भरने वाले बडे-बडे अंतरिक्ष यान उतारे जाते हैं। अब तक 19 देशों के 250 से ज्यादा अंतरिक्ष यात्रियों ने आईएसएस का दौरा किया है। भारतीय एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला 26 जून 2025 को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पहुंचे थे। इसी के साथ शुभांशु शुक्ला आईएसएस पर जाने वाले पहले भारतीय बने थे। आईएसएस पहुंचने के बाद शुभांशु को 634 नंबर का बैज दिया गया था। भारतीय एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला 26 जून 2025 को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पहुंचे थे। इसी के साथ शुभांशु शुक्ला ड्रस्स पर जाने वाले पहले भारतीय बने थे। आईएसएस पहुंचने के बाद शुभांशु को 634 नंबर का बैज दिया गया था।

### आईएसएस की जगह अब प्राइवेट स्पेस स्टेशन

नासा के नेतृत्व में कई निजी कंपनियां अपने अंतरिक्ष स्टेशन बना रही हैं। इनमें वोस्ट कंपनी का हेवन-2, एक्सिओम का स्पेस स्टेशन, और ब्लू ओरिजिन का ऑर्बिट रीफ प्रमुख हैं। चीन पहले ही अपना स्पेस स्टेशन अंतरिक्ष में स्थापित कर चुका है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) भी 2035 तक खुद का अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने की योजना पर काम कर रहा है।

# मोदी का बतौर पीएम 4399 दिन का कार्यकाल

## नेहरू का रिकॉर्ड टूटा, कैबिनेट ने तालियां बजाकर स्वागत किया

**नई दिल्ली।** नरेंद्र मोदी ने 10 जून को लगातार सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। मोदी ने 26 मई 2014 को पीएम पद की शपथ ली थी। आज उनके कार्यकाल के 4399 दिन पूरे हो गए। पीएम के तौर पर यह उनका मोदी का यह तीसरा कार्यकाल है। इससे पहले सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहने का रिकॉर्ड पूर्व पीएम जवाहरलाल नेहरू का था। वे 1952 में हुए पहले आम चुनाव के बाद 4398 दिनों तक इस पद रहे। पीएम मोदी की इस उपलब्धि पर दोपहर 12.30 बजे केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में मंत्रियों ने उनके लिए खड़े होकर तालियां बजाईं। साथ ही एक विशेष प्रस्ताव भी पारित किया। थोड़ी देर में एनडीए नेताओं की भारत मंडपम में बैठक होगी। इसमें मोदी के इस रिकॉर्ड पर बधाई प्रस्ताव पारित होगा। इसके साथ ही विकसित भारत-2047 के रोडमैप, केंद्र और राज्यों के बीच बेहतर समन्वय, विकास



परियोजनाओं, ईज ऑफ लिविंग और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को आगे बढ़ाने पर चर्चा होगी। बैठक में भाजपा और एनडीए शासित 22 राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्रों के सीएम, डिप्टी सीएम, समेत प्रमुख नेता मंडपम पहुंचे हैं।

### मोदी देश के सबसे ज्यादा कार्यकाल वाले इलेक्टेड पीएम

दरअसल, 15 अगस्त 1947 को देश के आजाद होने के बाद जवाहर लाल नेहरू को प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया था। वे 15 अगस्त 1947 से 13 मई 1952 तक कुल 1732 दिन पीएम रहे। इसके बाद 1952 में देश में पहला आम चुनाव हुआ। कांग्रेस सत्ता में आई। संसदीय दल ने नेहरू को अपना नेता चुना। इसके बाद नेहरू 13 मई 1952 से 27 मई 1964 तक लगातार निर्वाचित पीएम रहे। इस कार्यकाल 4398 वें दिन का रहा था। इस तरह निर्वाचित पीएम के तौर पर मोदी नेहरू से आगे निकल गए हैं।

# यूपी-बिहार में आंधी के साथ बारिश, 100 जगह पेड़-पोल उखड़े

## मुंबई में लैंडस्लाइड, 5 कारें मलबे में दबीं, राजस्थान में रेतीला तूफान आया



**भोपाल/लखनऊ/जयपुर/पटना।** मानसून ने केरलम में दस्तक देने के 6 दिन में पूर्वोत्तर के सभी राज्यों को कवर कर लिया है। मंगलवार को यह मिजोरम, मेघालय, सिक्किम और पश्चिम बंगाल पहुंचा। अब तक 16 राज्यों में मानसून की एंट्री हो चुकी है। गुजरात को छोड़कर बाकी सभी राज्यों में प्री-मानसून का असर है। बिहार में मंगलवार को 10 जिलों में आंधी के साथ बारिश हुई। बेगूसराह में एक ऑटो पर पोल गिर गया। उत्तर प्रदेश के इटावा में तेज तूफान के साथ बारिश हुई। 100किमी की रफ्तार से आंधी भी चली। इस दौरान 100 से ज्यादा जगहों पर पेड़-पोल गिर गए। महाराष्ट्र के नवी मुंबई में भारी बारिश के बाद लैंडस्लाइड होने से 5 कारें मलबे में दब गईं। पवने MIDC इलाके में पहाड़ी का एक बड़ा हिस्सा ढहा था। इधर, राजस्थान के अलवर में रेत का बवंडर उठा। मध्य प्रदेश के 26 शहरों में अधिकतम तापमान 40डिग्री से ज्यादा रहा। दिल्ली में पालम में 111किमी./प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी चली। केरलम में 4 जून को पहुंचा मानसून अब पूर्वोत्तर के सभी राज्यों तक पहुंच गया है। मंगलवार को मानसून ने मिजोरम, मेघालय, सिक्किम और पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों को भी कवर कर लिया। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 4-5 दिनों में मानसून महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु के बाकी हिस्सों, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, झारखंड, बिहार और छत्तीसगढ़ के कुछ इलाकों में आगे बढ़ सकता है।


### 7 राज्यों में हीटवेव का अलर्ट

मौसम विभाग के मुताबिक, उत्तर भारत में 11 जून तक तापमान 2 से 4डिग्री तक बढ़ सकता है। इसके बाद तापमान में 3 से 5डिग्री की गिरावट आने की संभावना है। फिलहाल दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के

# अफगानिस्तान पर पाकिस्तानी मिसाइल हमले में 13 की मौत

## इनमें 11 बच्चे; पाकिस्तान का दावा- 26 भारत समर्थित आतंकी मारे

**काबुल/इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने मंगलवार रात अफगानिस्तान के कई इलाकों में मिसाइल हमले किए। अफगान तालिबान सरकार के मुताबिक इन हमलों में 13 लोगों की मौत हुई है, जिनमें 11 बच्चे, एक महिला और एक बुजुर्ग शामिल हैं। इसके अलावा 14 महिलाएं घायल हुई हैं। तालिबान ने दावा किया है कि हमलों में रिहायशी इलाकों को निशाना बनाया गया। तालिबान के मुख्य प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा कि पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के एयरस्पेस का उल्लंघन किया और कुनार, खोस्त तथा पक्तिका



प्रांतों में आम लोगों के घरों पर बमबारी की। उन्होंने सोशल मीडिया पर घायलों की तस्वीरें भी साझा कीं और इस कार्रवाई की कड़ी निंदा की। वहीं पाकिस्तान ने इन आरोपों को खारिज करते हुए दावा किया कि उसने खुफिया जानकारी के आधार पर आतंकियों के ठिकानों पर सटीक हमला किया। पाकिस्तानी सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार के मुताबिक इस ऑपरेशन में 26 भारत समर्थित आतंकवादी मारे गए और चार बड़े आतंकी ठिकाने पूरी तरह तबाह कर दिए गए। पाकिस्तान का कहना है कि निशाना बनाए गए ठिकानों में ट्रेनिंग सेंटर, हथियारों का गोदाम और दो आतंकी कमांडरों के ऑपरेशन सेंटर शामिल थे।

### एक दिन पहले पाकिस्तान के 6 सुरक्षाकर्मी मारे गए

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में 9 जून को एक बॉर्डर चौकी पर हुए हमले में पाकिस्तान के छह सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई थी। पाकिस्तानी अधिकारियों के मुताबिक हमले के दौरान आठ आतंकवादी भी मारे गए। अधिकारियों ने दावा किया कि हमलावरों ने सीमा चौकी पर कब्जा करने की कोशिश की थी।

# चांदी 9,658 गिरकर 2.36 लाख किलो पर आई

## 10 दिन में 27 हजार की गिरावट; सोना 4,090 टूटा, 10 ग्राम की कीमत 1.48 लाख

**नई दिल्ली।** मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव की वजह से आज यानी 10 जून को सोने-चांदी के दाम में गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम




आज 4,090 रुपए गिरकर 1.48 लाख रुपए हो गया है। वहीं, 1 किलो चांदी की कीमत 9,658 रुपए कम होकर 2.36 लाख रुपए पर आ गई है। 31 मई को चांदी की कीमत 2.63 लाख रुपए थी। यानी सिर्फ 10 दिनों में ही ये 27 हजार रुपए सस्ती हो चुकी है। वहीं इस दौरान सोने की कीमत 8 हजार रुपए कम हुई है। एक्सपर्ट्स के अनुसार जियो पॉलिटिकल टेंशन के चलते लोग मार्केट से पैसा निकालकर अपने पास कैश रख रहे हैं। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है।

# ईरान का बहरीन, कुवैत, जॉर्डन में अमेरिकी ठिकानों पर हमला

## अमेरिकी एयरस्ट्राइक के जवाब में कार्रवाई, ट्रम्प बोले थे- हेलिकॉप्टर गिराने का बदला लेंगे

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी।** ईरान ने बुधवार को बहरीन, कुवैत और जॉर्डन में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइल हमले किए। ईरान ने अमेरिकी ठिकानों पर कुल 21 हमले करने का दावा किया। हालांकि अमेरिकी अधिकारियों ने इस दावे को खारिज करते हुए कहा कि नुकसान की जानकारी बढ़ा-चढ़ाकर पेश की जा रही है। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने कहा कि ये हमले अमेरिकी कार्रवाई के जवाब में किए गए हैं। इससे पहले अमेरिकी सेना ने होर्मुज स्ट्रेट के पास ईरान के एयर डिफेंस सिस्टम, कमांड एंड कंट्रोल सेंटर और निगरानी रडार ठिकानों पर हवाई हमले किए थे। इससे पहले सोमवार को होर्मुज स्ट्रेट के पास अमेरिकी सेना का अपाचे हेलिकॉप्टर क्रेश हो गया था। एक दिन बाद ट्रम्प ने इसका आरोप ईरान पर लगाया था। उन्होंने कहा था कि अमेरिका इस हमले का जवाब जरूर



देगा और इसके जिम्मेदार लोगों को इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। हालांकि ईरान ने अमेरिकी हेलिकॉप्टर गिराने की जिम्मेदारी नहीं ली है।

### अमेरिका ने ईरान पर हवाई हमले किए

होर्मुज स्ट्रेट के पास अमेरिकी अपाचे हेलिकॉप्टर गिरने के बाद अमेरिका ने ईरान पर जवाबी हमले किए। ट्रम्प ने आरोप लगाया कि हेलिकॉप्टर ईरान ने गिराया था, जबकि तेहरान ने हर हमले का जवाब देने की चेतावनी दी।

### ट्रम्प बोले- 2 हफ्ते में ईरान पर 'पूरी जीत' का ऐलान करेंगे

रिपब्लिकन रैली में ट्रम्प ने दावा किया कि अमेरिका ईरान के खिलाफ बढ़त बनाए हुए है और अगले दो हफ्तों में टोटल विक्ट्री घोषित करेगा। उन्होंने कहा कि इससे तेल की कीमतें भी नीचे आएंगी।

### इजराइल की चेतावनी- जरूरत पड़ी तो फिर करेंगे हमला

इजराइली सेना प्रमुख एयाल जामिर ने कहा कि हालिया ऑपरेशन सिर्फ शुरुआत थी। जरूरत पड़ने पर इजराइल ईरान पर और बड़े हमले करने के लिए तैयार है।

### ट्रम्प-नेतन्याहू के रिश्तों में बढ़ी दूरी

ईरान-इजराइल तनाव के बीच ट्रम्प ने नेतन्याहू को चेताया कि संघर्ष बढ़ाने पर इजराइल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग-थलग पड़ सकता है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि दोनों नेताओं के बीच मतभेद अब खुलकर सामने आने लगे हैं।

### होर्मुज के पास अमेरिकी अपाचे हेलिकॉप्टर क्रैश

एनएच-64 अपाचे हेलिकॉप्टर होर्मुज स्ट्रेट के पास समुद्र में गिर गया। दोनों पायलट सुरक्षित बचा लिए गए। अमेरिकी सेना ने पहली बार समुद्र में ड्रोन बोट का इस्तेमाल कर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रदीप कुमार सोलंकी द्वारा महानगर मल्टीमीडिया प्रा. लि. जी-848, फेज 3, रीको सीतापुरा, जयपुर (राज.) से मुद्रित एवं 227-हीरालाल की गली, झालाना, मालवीय नगर, जयपुर (राज.) से प्रकाशित।
सम्पादकः प्रदीप कुमार सोलंकी, मो. 93510-01100, Email: atulyasansar@gmail.com संपादकीय कार्यालयः जगतपुरा फ्लाईओवर के पास, जगतपुरा जयपुर।